अंचल अधिकारी का कार्यालय, मानगो।

पत्रांकः- 351

प्रेषक,

अंचल अधिकारी
मानगो।

सेवा में,

कार्यपालक पदाधिकारी
मानगो नगर निगम,
जमशेदपुर।

मानगो, दिनांक 16/07/2019

विषयः- अर्वन सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 जमशेदपुर द्वारा धारित भूमि जिसका प्लॉट नं0- 1267, 1268 एवं 1233 खाता सं0- 441 रकवा- 5.38 थाना सं0- 1643 वार्ड नं0- 9 जिसे अ0 स0 गृ0 नि0 समिति लि0 द्वारा श्री राम अवतार सिंह पिता स्व0 प्रभुनाथ सिंह एवं अन्य को 99 वर्षों के लिए लिज में दिया गया है, भूमि सत्यापन करने के सम्बन्ध में।

प्रसंगः- भवदीय पत्रांक- 1750 दिनांक- 06-07-2019

महाशय,

उपर्युक्त विषयक एवं प्रसंगाधीन पत्र में वर्णित भूमि पर राजस्व कर्मचारी एवं अंचल निरीक्षक से जाँच कराया गया। जाँचोपरान्त राजस्व कागजातों के आधार पर प्रतिवेदित किया गया है कि अ0 क्षे0 मानगो, वार्ड नं0- 9, खाता नं0- 441, प्लॉट नं0- 1267 रकवा 0.02.80 हेक्टेयर , प्लॉट नं0- 1268 रकवा 0.28.00 हेक्टेयर, प्लॉट नं0- 1233 रकवा 0.32.60 हेक्टेयर वर्ष 1979 सर्वे के अनुसार युधिष्ठिर दास ई0 पिता नटबर दास के नाम पर खतियान में दर्ज है। offline पंजी II Vol- 1 A पृष्ठ संख्या - 7 पर तथा Online पंजी II भाग वर्तमान 31 पृष्ठ संख्या- 7 पर अर्बन सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 के नाम पर जमाबन्दी कायम है। प्रस्तुत बिक्री कोवाला संख्या- 5268 दिनांक 23-07-2011 के अनुसार बिक्रेता इन्दरराज मक्कार पिता बनारसी लाल मक्कार Membership of UGS///233/88 द्वारा प्लॉट नं0- 1267 , 1268, 1233 रकवा- 5.38 डी0 भूमि राम अवतार सिंह पिता प्रभुनाथ सिंह तथा निर्मला सिंह पति राम अवतार सिंह के पक्ष में बिक्रय किया है।

जाँच के क्रम में वर्णित भूमि पर कोवाला ग्रहिता का दखल कब्जा पाया गया। तथा वर्णित भूमि सी0 एन0 टी0 एक्ट वो राजकीय भूमि से सम्बन्धित नहीं है तथा किसी विभाग के द्वारा अर्जित नही है।

अतः जाँच प्रतिवेदन अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु भेजा जा रहा है।

विश्वासभाजन,

अंचल अधिकारी
मानगो

13.7.19

Scanned by CamScanner